शिक्षा विभाग, (शोध एवं प्रशिक्षण) बिहार सरकार

कार्यालय, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, गया जी।

पिन–823001

बिहार सरकार

E-Mail- ctegaya@gmail.com Website- www.ctegaya.in . Mob. 0631-4055169

भी.रा.अ.बि.वि., मुजफ्फरपुर द्वारा बी.एड. सत्र 2026–28 में नामांकन के लिए सी.ई.टी बी.एड. 2026 के परीक्षा में सफल एवं वेरीफिकेशन/काउन्सेलिंग (मगध.वि.वि, बोधगया) के पश्चात् वैसे उम्मीदवार जिनका नाम नामांकन हेतु सी.टी.ई. गया में भी.रा.अ.बि.वि., मुजफ्फरपुर द्वारा अनुशंसित है, वे **दिनांक 04/07/2026 से 10/07/2026** तक कार्य दिवस में निम्न कागजातों के साथ नामांकन हेतु उपस्थित होंगे। अभ्यर्थियों के निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर नामांकन का दावा स्वतः समाप्त हो जाएगा। नामांकन के समय/नामांकन के उपरांत किसी भी प्रकार का गलत दस्तावेज पाये जाने पर नामांकन रद्द कर दिया जाएगा।

अभ्यर्थी नामांकन हेतु महाविद्यालय में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे–

1. मैट्रिक या समकक्ष मूल प्रमाण–पत्र एवं मूल अंक–पत्र
2. इंटर का मूल प्रमाण–पत्र एवं मूल अंक–पत्र
3. स्नातक /स्नातकोत्तर मूल प्रमाण–पत्र एवं मूल अंक–पत्र
4. स्नातक/स्नातकोत्तर का सी.एल.सी/यू.एल.सी/डी.एल.सी मूल प्रति
5. मगध विश्वविद्यालय से भिन्न विश्वविद्यालय से अंतिम परीक्षा पास करने वाले संबंधित विश्वविद्यालय से प्रवजन (माइग्रेशन) की मूल प्रति।
6. वेरीफिकेशन/काउन्सेलिंग/एडमिशन स्लिप
7. सी.ई.टी बी.एड. 2026 के परीक्षा का प्रवेश पत्र
8. सी.ई.टी बी.एड. 2026 के परीक्षा उत्तीर्णता अंक पत्र
9. भी.रा.अ.बि.वि., मुजफ्फरपुर द्वारा बी.एड. सत्र 2026–28 में नामांकन का अनुशंसा प्रमाण पत्र
10. आरक्षित कोटि के अभ्यर्थी जिला पदाधिकारी/अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र
11. आवासीय प्रमाण पत्र (अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य)
12. आधार कार्ड का फोटो कॉपी
13. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) सिविल सर्जन द्वारा निर्गत ही मान्य
14. अद्यतन खींचा हुआ 4 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो
15. शपथ पत्र (100 रूपया के ननजुडिसियल स्टाम्प) पर प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में।
16. प्रथम वर्ष में नामांकन का शुल्क **सामान्य/पिछड़ा/अति पिछड़ा** कोटि के अभ्यर्थियों को 9500/ (नौ हजार पाँच सौ रूपये) एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग के अभ्यर्थी 1900/ (एक हजार नौ सौ रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो Principal, CTE, GAYA के नाम से पंजाब नेशनल बैंक धामीटोला, गया शाखा पर देय होगा।
17. सभी मूल प्रमाण पत्र/अंक प्रमाण पत्र/दस्तावेज फोल्डर फाईल में रखकर लायेंगे।
18. सभी मूल प्रमाण पत्र/अंक प्रमाण पत्र/दस्तावेज की स्व–अभिप्रमाणित फोटो कॉपी की प्रति, दो फ्लाई–लीफ में अलग–अलग दो सेट में लायेंगे।
19. 4 लिफाफा (डाक टिकट एवं पत्राचार पता के साथ) जमा करेंगे। स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री हेतु)
20. महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये पहचान पत्र का प्रपत्र भरकर फोटो के साथ जमा करना अनिवार्य है।

नोट –(i) विभाग द्वारा संशोधित शुल्क निर्देशित होने की स्थिति में अभ्यर्थियों द्वारा देय होगा।

(ii) आवासीय व्यवस्था सिर्फ दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध है।

04/07/26

प्र0 प्राचार्य,
अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय,
गया जी।

शपथ–पत्र का प्रारूप

मैं .... पिता .... ग्राम................................ पो0 ....
प्रखंड .... जिला .... राज्य .... पिन कोड ....
मोबाईल नं0– .... ई.मेल. आई.डी. – ....

शपथ पूर्वक कहना है कि

1. उपरोक्त नाम एवं पता सही है।
2. मेरी जन्म तिथि .... है।
3. मेरा आधार नम्बर .... है।
4. मै भी.रा.अ.बि.वि., मुजफ्फरपुर से सी.ई.टी बी.एड. 2026 प्रतियोगिता प्रवेश–परीक्षा जिसका क्रमांक .... है से .... अंक प्राप्त कर चयनित हुआ हूँ/हुई हूँ।
5. वेरीफिकेशन/काउन्सेलिंग के आधार पर भी.रा.अ.बि.वि., मुजफ्फरपुर से बी0एड0 सत्र 2026–28 में नामांकन हेतु अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, गया जी में आवंटित किया गया है।
6. भी.रा.अ.बि.वि., मुजफ्फरपुर के द्वारा प्रकाशित सूची में क्रम सं0 .... पर मेरा नाम दर्ज है।
7. मैं नामांकन के बाद सरकार, एन.सी.टी.ई, एवं मगध विश्वविद्यालय, बोधगया तथा अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, गया जी के नियमों का अक्षरशः पालन करूँगा/करूँगी।
8. मेरे द्वारा नामांकन के लिए दाखिल किये गये सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र/अंक पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र सही है।
9. शपथ पत्र का उपयोग बी.एड. सत्र 2026–28 में नामांकन के लिए है।
10. उक्त कंडिका 01 से 09 तक सत्य है, गलत पाए जाने पर मेरा नामांकन रद्द करते हुए मेरे विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

शपथकर्त्ता का हस्ताक्षर
तिथि सहित

नोटः– इस शपथ–पत्र के प्रारूप को मार्गदर्शिका के रूप में उपयोग किया जाय। केवल प्रथम श्रेणी दन्डाधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी से निर्गत शपथ–पत्र मान्य होगा।